>

Title: Need to ensure proper functioning of Telephones in Jamnagar district, of Gujarat.

श्री चन्द्रेश पटेल (जामनगर) : सभापति महोदय, गुजरात के जामनगर जिले में ८-९ जून, १९९८ को एक भयंकर आंधी, तूफान और बारिश आई थी जिससे करोड़ों रुपए के जान-माल का नुकसान हुआ। उसमें टेलीफोन लाइन, माइक्रोवेव टावर एवं अन्य कई टेक्निकल नुकसान हुए लेकिन आज तक जामनगर जिले के टेलीफोन कार्य पूरे नहीं हुए - जैसे कि ओवरहैड लाइन, अंडर ग्राउंड केबल लाइनें, ऑप्टीकल फाइबर केबल लाइनें एवं टावर। इस कारण टेलीफोन विभाग उपभोक्ताओं को समुचित सुविधाएं नहीं दे रहा है। ज्यादातर गांवों के टेलीफोन बंद हैं और काम नहीं कर रहे हैं। हमने केंद्रीय मंत्रियों से लेकर प्रदेश के जनरल मैनेजर, डिस्ट्रिक्ट जनरल मैनेजर वगैरह बहुत से अधिकारियों को दरख्वास्तें दीं लेकिन जरूरी कार्यवाही नहीं की गई। इस प्रश्न पर तुरन्त उपभोक्ताओं को न्याय नहीं मिला तो जन आन्दोलन उग्र रूप ले सकता है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि ऐसे कदम शीघ्र उठाए जाएं जिससे जामनगर जिले की टेलीफोन व्यवस्था दुरुस्त हो सके।